# योग साधकों ने किया गुरुजनों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बाबड़िया कलां स्थित इंडस गार्डन फेज-1 के योग केंद्र में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर योग साधकों ने वरिष्ठ योग गुरु पुष्पा भदौरिया और योग गुरु महेश अग्रवाल का पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम में कॉलोनी के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में नियमित योग साधक उपस्थित रहे। योग गुरु महेश अग्रवाल ने कहा कि व्यक्ति के भीतर छिपी दिव्यता को जागृत करने में गुरु महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने बताया कि अनुभवी गुरु साधक को सही मार्गदर्शन देकर आत्मबोध और आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान सभी साधकों ने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

## आरएनटीयू में 7-8 अगस्त को होगा मेगा जॉब एवं इंटर्नशिप फेयर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 और 8 अगस्त को दो दिवसीय मेगा ओपन जॉब एवं इंटर्नशिप फेयर-2026 आयोजित करेगा। यह आयोजन बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग, मुंबई के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में होगा।

जॉब फेयर में मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। एक ही मंच पर देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं से सीधे संवाद करेंगी, साक्षात्कार लेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी।

आयोजन में वर्धमान यार्न्स, पैन हेल्थ, आयशर ट्रैक्टर्स, एशियन पेंट्स, वी ग्रुप, नेटलिंक सॉफ्टवेयर ग्रुप सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां शामिल होंगी।

# जयदीप ने महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण में हासिल की विशेषज्ञता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** फिटनेस प्रशिक्षक जयदीप शर्मा ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने प्रमाणित वाईएफओजी अकादमी से महिला फिटनेस और विशेष स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों के प्रशिक्षण से जुड़े दो विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे किए हैं।

ये प्रमाण पत्र वाईएफओजी अकादमी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विकास दुबे के मार्गदर्शन और प्राधिकरण के तहत प्रदान किए गए। नई योग्यता हासिल करने के बाद जयदीप शर्मा अब महिलाओं और विशेष स्वास्थ्य आवश्यकताओं वाले लोगों के लिए सुरक्षित, प्रभावी और व्यक्तिगत व्यायाम योजनाएं तैयार कर सकेंगे। शर्मा ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के महत्व को समझा और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायता करने का संकल्प लिया।

उन्होंने मुंबई में सहायक निदेशक के रूप में कार्य किया था और कई कलाकारों के साथ काम किया। इसके बाद उन्होंने भोपाल आकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर जीवनशैली के लिए प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

## मुख्यमंत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों को दीं शुभकामनाएं

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 की मैन्स पैरा 100मी टी 47 में श्री दिलीप महादु गावित को स्वर्ण पदक और श्री मोहम्मद बासिल को रजत पदक तथा मैन्स लांग जम्प में श्रीशंकर को रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।

# एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर-XII बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को सीबीएसई क्लस्टर-XII बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों की 70 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं।



उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एलएनसीटी ग्रुप के सचिव एवं प्रो-चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे रहे, जबकि डॉ. श्वेता चौकसे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव जनरल कुलविंदर सिंह गिल और पूर्व साई कोच मुख्तियार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहले दिन अंडर-14 वर्ग में भंडारी पब्लिक स्कूल, खंडवा ने सेंट पॉल कॉन्वेंट, उज्जैन को 8-4 से, डीपीएस नीपानिया ने द न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल, इंदौर को 25-0 से तथा मेजबान एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल ने द आइकॉनिक पब्लिक स्कूल को 20-0 से हराकर विजयी शुरुआत की।

# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में विधिक शिक्षा पर व्याख्यान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में 'भारत में विधिक शिक्षा: चुनौतियाँ, संभावनाएँ और भविष्य की दिशा' विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन एवं डायरेक्टर प्रो. मुकेश कुमार साहू ने की, जबकि मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लॉ के डॉ. मुकेश मालवीय रहे। डॉ. साहू ने कहा कि विधिक शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि सक्षम अधिवक्ताओं का निर्माण करना है। डॉ. मालवीय ने व्यावहारिक एवं अनुभव आधारित शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कानपुर-मदुरई विशेष ट्रेन के अतिरिक्त फेरे संचालित करेगा रेलवे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कानपुर सेंट्रल-मदुरई-कानपुर सेंट्रल विशेष ट्रेन के अतिरिक्त फेरे संचालित करने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन भोपाल मंडल होकर चलेगी, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरई विशेष ट्रेन 5 अगस्त से 26 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार को कुल चार फेरे लगाएगी। यह ट्रेन कानपुर सेंट्रल से सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी। वहीं गाड़ी संख्या 01926 मदुरई-कानपुर सेंट्रल विशेष ट्रेन 8 अगस्त 2026 से 29 अगस्त 2026 तक प्रत्येक शनिवार को संचालित होगी। यह ट्रेन मदुरई से सुबह 2 बजकर 30 मिनट पर प्रस्थान करेगी। यह विशेष रेल सेवा मार्ग में पुखरायां, उरई, झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करेगी।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, Anish K. Thomas S/o K.S. Thomas आयु वयस्क, नि. मकान नंबर 32, किरण नगर फेस 2, नरेला शंकरी, पिपलानी, हुजूर भेल, भोपाल म.प्र.। यह कि Abaed Greg Anish मेरा पुत्र है। मेरा पुत्र St. Poul Co-Ed School, Bhopal में Class 9th A में अध्ययनरत है। मेरे द्वारा पूर्व में मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र संस्था में जमा किया गया था, जिसमें मेरी पत्नी का नाम Teny Anish अंकित है। स्कूल रिकार्ड में टी.सी. एवं अंकसूची में मेरी पत्नी का सही नाम Teny Ann Mary Varghese अंकित किया जावे। स्कूल रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम Teny Ann Mary Varghese अंकित किया जावे। भविष्य में मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड टी.सी. एवं अकंसूची उक्त मेरी पत्नी के उक्त नाम के सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

**Anish K. Thomas**

1125

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

**क्रमांक 2240/राजस्व/न.पा.नि./2026** **रीवा, दिनांक 29/07/2026**

### अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सब्जी मंडी जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में निर्मित दुकान क्रमांक 03 श्री/श्रीमती रहमत बक्श को 35 माह के लिये आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री/श्रीमती साबरा बेगम पिता/पति स्व. रहमत बक्श निवासी कटरा रीवा के लिये किये जाने हेतु दिनांक 13.9.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान क्रमांक 03 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री /श्रीमती साबरा बेगम के आवेदन अनुसार उक्त भवन/भूखंड/दुकान क्रमांक 03 का नामान्तरण श्री/श्रीमती साबरा बेगम पिता/पति श्री स्व. रहमत बक्श निवासी कटरा रीवा के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

## कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी संस्था मर्या. बलवाड़ा जिला-खरगोन

**पंजीयन क्र./ एन.एम.आर./ के.आर.जी.एन./721** **खरगोन दिनांक 31/10/1988**

### विशेष साधारण सभा एवं निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि संचालक मण्डल सदस्यों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक 31/07/2026 को जारी किया जाकर सभी सदस्यों को नियमानुसार सूचना दी जा रहीं है- संस्था कार्यालय वनपरिक्षेत्र कार्यालय बलवाड़ा चुनाव हेतु नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जाने का दिनांक 07/08/2026 समय दोप 12 बजे से अपरान्ह 2.30 बजे तक है नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन दिनांक 8/08/2026 दोप 12 बजे से एवं नामांकन पत्रों की वापसी दिनांक 9/08/2026 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक संस्था कार्यालय वनपरिक्षेत्र कार्यालय बलवाड़ा में होना है तथा संस्था की विशेष साधारण सभा स्थान -दिनांक 14.08.2026 को प्रात: 10 :30 बजे से दोपहर 2 :30 बजे तक। विशेष साधारण सभा में मतदान होना है। किसी कारणवश सूचना अप्राप्त होने की स्थिति में इस सूचना को स्वीकार कर संस्था कार्यालय बलवाड़ा से विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकतें है।

**अनिल चौधरी**
**प्रबंधक**

**महेन्द्र ठाकुर**
**रिटर्निंग ऑफिसर**

## जाहिर सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार ने, श्रीमती शोभा बरार पत्नी श्री मनोज बरार आयु वयस्क निवासी चंदपुरा, छतरपुर म.प्र., हाल मुकाम-भोपाल म.प्र. का प्लाट नं. 78 (कार्नर) कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफिट अर्थात 83.64 वर्गमीटर है जो कि भूमि खसरा नं. 51/1 (एस), रकबा 0.405 हेक्टेयर में से हिस्सा 0.162 हेक्टेयर का अंशभाग है जो कि ग्राम अरेड़ी, (मुख्य मार्ग से अंदर), पटवारी हल्का नं. 20, राजस्व निरीक्षक मण्डल-03, विकास खण्ड-फन्दा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, जिसकी भू-अधिकार ऋण पुस्तिका नं. सीएलआर नं. 11089778200 एवं यूनिक आईडी नं. 1538845154 है. जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्न है दिशा पूरब में-रास्ता, दिशा पश्चिम में-अन्य की भूमि, दिशा उत्तर में-प्लाट नं. 77, दिशा दक्षिण में विक्रेता की शेष भूमि, जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में विधिवत रूप से दिनांक 30.01.2024 को ई-रजिस्ट्रेशन नं. रू MP059712024A1112873 पर दर्ज है जिसे मेरे पक्षकार ने फोन पर मौखिक रूप से क्रय करने का अनुबंध किया हैं और बयाना राशि अदा कर दी है एवं उक्त प्लाट के सम्बंध में किसी व्यक्ति एवं परिवार के अन्य सदस्यो एवं अन्य हितबद्ध व्यक्तियों को संस्था /बैंक हाऊसिंग फायनेन्स संस्था /शासकीय गैर शासकीय कार्यालय /हाऊसिंग बोर्ड को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित प्लाट कही विक्रय अनुबंध, दान, गिरवी, वसीयत, हिबा, मैहर, हस्तांतरण इत्यादि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय अवधि निकल जाने के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त वर्णित प्लाट का विक्रय प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, और समयावधि निकल जाने के पश्चात् कोई भी आपत्ति एवं दावा मान्य नहीं होगा।

**सतीश अहेलिया एडवोकेट/नोटरी**
**कार्या.123, नारंग टाईपिंग सेन्टर एंड सर्विस प्रोवाईडर, नियर अप्सरा टाकीज़, रायसेन रोड भोपाल म.प्र.। मो. 9826162974, 9826472014**

1124

## श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि, पंचम जिला न्यायाधीश, भोपाल, म.प्र. (आदेश 5 का नियम 20)

**जावक क्र. 731** **दिनांक 23.07.2026**

अनिता सिंह..... **आवेदिका विरुद्ध** असगर हुसैन व अन्य.... **अनावेदकगण**

**प्रेषिति-** आवेदिका अनिता सिंह, पत्नि सुशील सिंह चौहान, निवासी-ई-4, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र. ने अनावेदकगण के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक एम.सी.ए. -204 /2025 संस्थित किया है। अनावेदकगण इस न्यायालय में तारीख 16.09.2026 को दिन में आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात /हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। अनावेदक न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों या न हो, अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज ता. 23.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया। **नोट**-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। **परिशिष्ट- अनावेदक**-1. असगर हुसैन, आत्मज जब्बार हुसैन,2. मुस्तफा हुसैन, आत्मज असगर हुसैन, दोनों निवासी-बी-263, विहार कॉलोनी, फैज मस्जिद एयरपोर्ट रोड़ भोपाल म.प्र.।

**श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि, पंचम जिला न्यायाधीश, भोपाल**

1112

## कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग क्र. 1

मेट्रो वॉक व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, अरेरा कालोनी, भोपाल

### आम सूचना

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल अंतर्गत भूखंड कमांक-54, हाउसिंग बोर्ड शिक्षक कालोनी नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र.) को कार्यालयीन आदेश क्रमांक 4587 दिनांक 21.08.2015 द्वारा श्रीमती सरिता सक्सेना पत्नी श्री देवप्रकाश सक्सेना के नाम पर नामांतरित किया गया था। श्रीमती सरिता सक्सेना पत्नी श्री देवप्रकाश सक्सेना द्वारा उक्त संपत्ति दिनांक 29.06.2026 को श्री हरिओम दांगी आत्मज श्री शिवनारायण दांगी को विक्रय कर विधिवत पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत कराकर मंडल में क्रेता पक्ष श्री हरिओम दांगी आत्मज श्री शिवनारायण दांगी के नाम पर हस्तांतरित करने हेतु संयुक्त शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र /प्रस्तुत किया हैं। यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /संस्था/ बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगीं एवं मंडल नियमानुसार हस्तांतरण /नामांतरण की कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग क्र. 1, भोपाल**

1123


## सूडोकु नवताल- 7857

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7856 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## काकुरो पहेली - 7530




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 7529 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7463

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | | 1 | 3 | |
| | 41 | | 32 | | 22 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | | | 2 | |
| | 26 | | 34 | 4 | 38 | 6 |
| 1 | 2 | | | | 6 | |
| | 21 | | 36 | 3 | 39 | 7 |
| | 1 | 2 | | | 4 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7462 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 |
| 7 | 37 | 6 | 37 | 2 | 29 | 3 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 |
| 6 | 31 | 1 | 28 | 4 | 32 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 1 | 28 | 4 | 27 | 3 | 33 | 2 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 8483

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | स | बी | ला | प | इ | ज | हा | र | क | मां |
| ग | दा | औ | प | रिं | लै | ला | दि | शा | को | क |
| इ | ब | म | रि | दा | ल | अ | प | रि | हा | र |
| कु | हा | रु | हा | त | स | द | व | हा | र | म |
| व | र | न्न | र | क | ते | री | ग | स | ता | द |
| म | रि | प | व | गा | स | मा | हा | र | न | ती |
| गा | नु | स | अं | प | म | खे | क | ला | व | क |
| उ | जी | हा | ला | क | शा | सौ | व | हा | जू | क |
| प | थो | तें | र | ल | ज | का | त | न | नी | द |
| हा | ल | व्य | व | हा | र | ऐ | हा | न | हा | थ |
| र | सा | ल | व | कु | श | जा | एं | र | क | र |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछ 'हार' शब्द लगा है. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.


उपहार, परिहार, अपरिहार, समाहार, मनुहार, सदाबहार, शाकाहार, खेवनहार, इजहार, व्यवहार

### शब्दजाल - 8482 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8927




**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज,पंकज,नीरज-3
7. चरित्र,धर्म-5
8. वचन,प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन,कहासुनी-4
17. रुपया,पैसा-2
19. भ्रम,संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**


2. अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ,गला-3
4. लाज,लज्जा-3
5. विवाह,ब्याह-2
6. सोना,धतूरा-3
9. टेका,आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा,लाइन-3
14. हत्या,मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर,गृह,निवास-3
22. युद्ध,संग्राम -2

### शब्द पहेली -8926 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 7369



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 7368

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | जा | म | | जै | | बा | द | शा | ह |
| गा | | न | म | की | न | | म | | म |
| रे | खा | | हा | | गी | त | | ही | रा |
| | मो | ह | रा | | ना | रा | ज | | ज |
| | शी | | जा | नू | | जू | | फ | |
| स | | गो | | त | ब्बू | | दो | रा | स्ते |
| ती | स | रा | कौ | न | | बा | | र | |
| श | | | न | | जं | जी | र | | घा |
| शा | र | दा | | जं | ग | | क्ष | त्रि | य |
| ह | | सी | मा | | ल | | क | | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore